डिजीटल अखबार

डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 14 – 2083 | भोपाल, दिन सोमवार, दिनांक 13 जुलाई, 2026

न्यूज गैलरी

कॉलोनी के लिए रास्ता निकालने को लेकर सेना के पूर्व अफसरों में विवाद

भोपाल। मध्यप्रदेश राज्य की राजधानी भोपाल स्थित गौतम कॉलोनी में रास्ता निकालने को लेकर सेना के रिटायर्ड अफसरों के दो पक्ष आमने-सामने आ गए। बीडीए के प्रोजेक्ट तक पहुंचने के लिए कॉलोनी से रास्ता देने को लेकर रविवार को विवाद हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। अब मामले का निराकरण एसडीएम दुबुद दोनों पक्षों को सुनने के बाद करेंगे। मान प्रमोटी हाउसिंग वर्क के अनुसार, रिटायर्ड अफसर अपने सेना बीडीए प्रोजेक्ट से लगी अपनी जमीन पर कॉलोनी विकसित कर रहे हैं। वे रास्ता विवाद से मुख्य रास्ता बनाना चाहते हैं। रविवार को काम शुरू होने पर कॉलोनीवासियों ने आपत्ति जताई। दोनों पक्षों में झूमाझटकी हुई। फिलहाल किसी ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

ठकैती की साजिश नाकाम, 5 आरोपियों को पकड़ा

भोपाल। गश्ती वाहन पुलिस ने एबी रोड क्लिन के नीचे पेट्रोल पंप पर ठकैती की योजना बना रहे 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात विफल कर दी। घेराबंदी के दौरान आरोपियों ने पुलिस पर पत्थर फेंके और आरक्षक पर स्कू-ड्राइवर से हमला किया। मुठभेड़ में 20 राउंड की फायरिंग हुई। पुलिस ने 1650 रुपये की रकम जब्त की।

आज 22 कॉलोनी, मोहल्लों में 6 घंटे तक बिजली कटौती रहेगी

भोपाल। राजधानी में सोमवार को आवश्यक रखरखाव और सुधार कार्यों के चलते विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक पटेल नगर डी-सेक्टर, कमला रोड, आईबीडी कॉलम, कॉलम, एनआरआई कॉलम, ओरिएंटल स्कूल, नवरत्न हॉस्पिटल, लक्ष्मी हॉस्पिटल, भारती हॉस्पिटल, अपना हॉस्पिटल सहित आसपास का क्षेत्र। अरविंद नगर, ओरिएंटल कॉलोन, एनआरआई कॉलोन, संस्कृति मेरिया गार्डन, आकाश गैरिज गार्डन, शकुंतला टाकुनाल, ईशान कॉम्प्लेक्स, ईशान कॉलोनी, संघर्ष कॉलोनी, सुकला पेट्रोल पंप, मॉन्टफोर्ट स्कूल, पटेल नगर, गित ढाबा, कोमेला कॉलोनी सहित आसपास का क्षेत्र। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक: सीटीओ, सत्यम सिटी नगर, न्यू मार्केट, होटल प्लाश, 46 बंगला क्षेत्र। दीप रोड, राम मंदिर, कमला नेहरू स्कूल, एचेसा बैंक, 74 बंगला, छत्रपत्र मोग। सीआरएसएस एवाटी कालेजाग, मा हिरणाक्ष, दीप सीओएल कॉलोनी, दिवस पार्क, कोरसवुल, श्रीराम कॉलोनी, स्नेह नगर, दीप मांझिनी, अन्नपूर्णा एपार्टमेंट, एवी कॉलोनी बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में ट्रांसफर किए

मप्र में इसी महीने से लागू होगी समान नागरिक संहिता ,सीएम

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत में एक देश-एक विधान-एक प्रधान-एक राष्ट्रगान होना चाहिए। हिंदू-मुस्लिम-ईसाई का कानून अलग-अलग नहीं हो सकता। किसी को दो-तीन-चार शादियों का हक न हो। उन्होंने कहा कि इसी महीने समान नागरिक संहिता (यूनीसी) लागू करेंगे। मप्र उन बड़े राज्यों में से होगा, जिसका कानून सबको समानता का अधिकार देगा। इसमें मुस्लिम बहनों को भी जिंदगी बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि हमारी समिति पूरे प्रदेश में घूमी। उसके पास यूनीसी के लिए बड़ा स्तर से व्यापक सुझाव आए। इन सुझावों में मुस्लिम बहनों के भी सुझाव आए। उन्होंने कहा कि मैंने ये कानून जल्द लागू करें। इस कानून से हमारी जिंदगी सुरक्षित होगी।

सीएम ने कहा कि कांग्रेसी बेशर्मी से बोलते हैं कि लाड़ली बहनों को पैसे मत दो, कांग्रेस अध्यक्ष को डूब मरना चाहिए। ये माता-बहनों का अपमान

मुस्लिम बहनों ने कहा मैया इसे जल्दी लागू करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को गिर जिले के लखर से लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1.25 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की।

उन्होंने गिर जिले को बड़ी सौगात दी। उन्होंने 322.29 करोड़ के 56 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर गिर की धरती पर विकासों की सौगातें मिलेंगी। लखर तो वाकेल में पीजी कॉलेज शुरू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने किया 56 विकास कार्यों का भूमि-पूजन, लोकार्पण

कांग्रेसी बहनों के कष्ट में कभी शामिल नहीं

कांग्रेसी बहनों के कष्ट में कभी शामिल नहीं हुए मोहन ने कहा कि कांग्रेसियों के परिवार ने गरीबी नहीं देखी, उनके कष्ट में भी कभी शामिल नहीं हुए। किसी लाड़ली बहन के परिवार में जाकर कांग्रेसी पूछे कि पैसे का क्या महत्व होता है। हमने कई बार कहा है कि लाड़ली बहनों के लिए जो हम पहले दो रुपए दे रहे थे, कांग्रेसी बेशर्मी से बोलते हैं कि लाड़ली बहनों को पैसे मत दो, वो इन रुपयों से शराब पीती हैं। कांग्रेस अध्यक्ष को डूब मरना चाहिए। ये माता-बहनों का अपमान है। कांग्रेस की नीति और नीयत हमेशा इसी मामले की रहती है।

सरकारी बस सेवा बसी महीने से शुरू होगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम किसानों की बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं। जब से हमारी सरकार आई है, हमने किसानों से अन्न खरीदा। सरकार के खरीदारों में 16 लाख से गेहूं का भाव 400 रुपए भी नहीं था। लेकिन, हमारी सरकार के 20 साल के कार्यकाल में गेहूं 2625 रुपए क्विंटल खरीद रहे हैं। अब सोयाबीन खरीदेंगे, तो सरकार अपनी खरीदारी करेगी। सरकार के खरीदारों में लगभग बसें उतर दी गई थीं, लेकिन हमारी सरकार इसी महीने इसी सेवाओं शुरू कर रही है। हमारी सरकार छह वर्षों के लिए काम कर रही है।

गाड़ी हटाने के विवाद में युवक को गोली मारी

रात 2 बजे के आसपास कुछ समय के अंतर से आई दोनों गाड़ियां

डीआर संवाददाता।। भोपाल

भोपाल के गिरोरोड थाना क्षेत्र स्थित आशिमा मॉल के पास सावर पावर होम्स में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात गाड़ी हटाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि तीन युवकों ने पहले एक युवक से मारपीट की, फिर उसकी लाइसेंसी पिस्तल छीनकर दो फायर कर दिए। गोली लगने से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार सीहोर जिले के शाहपुर निवासी 34 वर्षीय हरीश राजपूत अपने परिवार के साथ सावर पावर होम्स के ए-ब्लॉक में रहते हैं। शनिवार देर रात हरीश ने गेट पर खड़ी कार हटाने के लिए हॉर्न पर्ल्स को कहा, जिस पर विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि हरीश ने ठंडे से हरीश पर हमला किया। हरीश के अनुसार, फोन बचाने के लिए भागने पर तीनों आरोपियों ने एनकर पीछा कर फायर किया और उनकी लाइसेंसी पिस्तल छीन ली। इसके बाद दो गोलियां चलाई गईं, जिनमें एक गोली उनके पैर में लगकर आर-पार हो गई।

गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया तथा आरोपी हर्षित पटेल, लोकेश रघुवंशी और अनुज मौर्य को गिरफ्तार कर लिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। पुलिस मामले की जांच कर आरोपियों की पृष्ठभूमि और घटना के अन्य पहलुओं की पड़ताल कर रही है।

घायल हरीश का अस्पताल में इलाज जै... पुलिस ने हर्षित पटेल (21), अनुज मौर्य (19) और लोकेश रघुवंशी (24) को गिरफ्तार कर हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया। कोर्ट में पेश करने के बाद तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया

पुरानी रंजिश में मासूम को बोरे में भरकर ले भागा पड़ोसी, गिरफ्तार

डीआर संवाददाता।। भोपाल

नानखेड़ा इलाके में पुरानी रंजिश का दुष्कालीकेस सामने आया। पड़ोसी युवक ने बदला लेने के लिए बेड वर्षीय मासूम का अपहरण कर उसे बोरे में भर दिया। रास्ते में बच्चे के रोने की आवाज सुनकर लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और मासूम को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

पुलिस के मुताबिक घटनाक्रम निवासी 27 वर्षीय राकेश अहिरवार दो बच्चों और सास-ससुर के साथ रहती है। उनके पति का निधन हो चुका है। शनिवार सुबह एनकर लेड वर्षीय बेटा घर के बाहर खेल रहा था। तभी पड़ोस में रहने वाला अरुण सारे बोरे में भरकर ले जाने लगा।

बोरे में बच्चे के रोने की आवाज सुनकर लोगों को शक हुआ। उन्होंने आरोपी को रोककर बोरा खुलवाया तो मासूम अंदर बेहोश मिला। इसके बाद लोगों ने आरोपी की पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी बच्चे की मां से पुरानी रंजिश थी। उसी का बदला लेने के लिए उसने अपहरण किया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

परमार डेयरी में खाद्य सुरक्षा, साफ-सफाई में कमीय दो दिन में सुधार की चेतावनी

उपभोक्ताओं की शिकायतों के बाद खाद्य सुरक्षा प्रशासन का निरीक्षण

डीआर संवाददाता।। भोपाल

उपभोक्ताओं की शिकायतों के बाद खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने रविवार को राजधानी की दो प्रमुख डेयरियों पर अचानक निरीक्षण किया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवरतन मालव और सहायक आयुक्त की टीम ने परमार डेयरी एंड स्वीट्स और मुरैना डेयरी से खाद्य पदार्थों के पैकेजिंग नमूने तेल्ल जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे हैं। परमार डेयरी के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा मानकों से जुड़ी कई कमियां मिलने पर संचालक को सुधार नोटिस और फरवरी

चेतावनी नोटिस जारी किया गया है।

इन डेरियों से लिए सैंपलः

परमार डेयरी एंड स्वीट्स (11 नंबर स्टॉपेज) गली और बेलन के नमूने लिए गए। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई और संचालन संबंधी कमियां भी दर्ज की गईं।

मुरैना डेयरी (बिट्टन मार्केट)

दूधिया रोड स्थित डीआर मार्ग के नमूने जांच के लिए लिए गए।

तो होगी कार्रवाई क खाद्य सुरक्षा

अधिकारियों ने परमार डेयरी संचालक को दो दिन के भीतर सभी कमियां दूर कर अनुपालन रिपोर्ट और लिखित स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों के अनुसार, संतोषजनक सुधार नहीं मिलने या लापरवाह उल्लंघनकार्य होने पर लाइसेंस निलंबन करने की कार्रवाई की जा सकती है।

28 से अग्निवीर भर्ती रैली, शॉर्टलिस्ट उम्मीदवारों को आज एडमिट कार्ड

भोपाल। राजधानी के अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 28 जुलाई से 09 अगस्त 2026 तक सेना भर्ती रैली होगी। सेना भर्ती मुख्यालय, भोपाल की अनुसार यह रैली महाराष्ट्र के 15 जिलों अकोलानगर, भोपाल, बैतूल, छिंदवाड़ा, इमोह, गुना, हरदा, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, पन्ना, पांढुर्णा, रायसेन, राजगढ़, सीहोर और सिवनी के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी और अग्निवीर ट्रेडसमैन पदों हेतु आयोजित की जाएगी। सहित ही मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के लिए वर्ग गुरू और एजुकेशन इंस्ट्रक्टर की भर्ती रैली भी होगी। 01 जून से 12 जून 2026 तक हुई ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का परिणाम 12 जुलाई 2026 को ... पर अपलोड किया गया है।

एमपी में मानसून की रफ्तार धीमी, 22 जिलों में आज हल्की बारिश के आसार

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मध्य प्रदेश में मानसून की रफ्तार फिलहाल धीमी पड़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के लगभग 60 प्रतिशत हिस्से में मानसूनी बादल छट गुजरे हैं, जिसकी कारण अगले पांच दिनों तक बड़ी भी भारी या अति भारी बारिश की संभावना नहीं है। हालांकि कई जिलों में हल्की बारिश और बूंदाबांदी का दौर जारी रहेगा।

सोमवार को सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, बैतूल, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, धार और अलीराजपुर जिलों में बादल छाने के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। वहीं नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, आगर-मालवा, इंदौर, उज्जैन, राजगढ़, देवास, सागर, भोपाल, सीहोर, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, रायसेन, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, दमोह, पन्ना, सतना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया और ग्वालियर सहित कई जिलों में मौसम मुख्यतः साफ रहने और धूप निकलने के आसार हैं। मौसम विशेषज्ञ कैलेंद्र कुमार नायक के अनुसार मिलते साफ-फाफ दिनों से प्रदेश में कहीं भी तेज बारिश दर्ज नहीं हुई है।

नरोत्तम बोले- भाजपा में पैदा हुआ, यहीं मरूंगा, इधर-उधर की कोई बात ही नहीं

झ रविवार को समर्थन में बंद रहा दतिया बाजार

आज आशुतोष के नामांकन में शामिल होंगे

डीआर संवाददाता।। भोपाल

जनिवार को राजधानी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल और प्रभारी संगठन महामंत्री अजय जामवाल से मुलाकात के बाद दतिया के टिकट से बंगिल पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा रविवार को दिल्ली रवाना गए। राजधानी के दौरान वे भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के नामांकन के मौजान शामिल रहेंगे। इस मुलाकात के दौरान मैं उन्होंने कहा कि मैं भाजपा में पैदा हुआ हूं और भाजपा में ही मरूंगा। इधर-उधर की कोई बात ही नहीं। न सिंधीया न आजाद, भाजपा के लिए काम करूंगा। उधर, दतिया में रविवार भी बंद ही गए हैं। यह बंद में मौजिया से सभी में नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि मैंने उनको समझाया है वो मान भी गए हैं। वो शांतिप्रिय लोग हैं। इधर, भाजपा ने दतिया में सेंसेक्स मोर्टल शुरू कर दिया है।

नरोत्तम के काम आगे बढ़ाऊंगा , आशुतोष

भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने कहा कि नरोत्तम मिश्रा जी के काम को आगे बढ़ाऊंगा। मैं पीएचडी के दौरान उन्होंने मिश्रा जी के साथ काम किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व गृह मंत्री जी, नरोत्तम मिश्रा ने हर विकास के लिए जो काम किए हैं, मुझे जीतने के बाद उन्हें आगे बढ़ाना चाहूंगा।

बसपा नहीं लड़ रही चुना, कांग्रेस के साथ

बसपा सुप्रीमो मायावती ने दतिया उपचुनाव से दूरी बनाते हुए मध्य प्रदेश इकाई को साल 2026 के विधानसभा चुनाव पर फोकस करने के निर्देश दिए हैं। यहां बसपा के मुकाबले न रखने का बड़ा फायदा आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी दामोदर यादव को मिल सकता है, जो दलित और अन्य पिछड़ा वर्ग के वोटों से विकल्प के रोकथाम वाले पार्टी में लाया जाएगा।

पहल

भोपाल जिला उपभोक्ता आयोग ने 47,700 रुपये 15 हजार हजनि के साथ लौटाने का दिया

साइबर ठगी की तुरंत की थी शिकायत, बैंक को लौटाना होगा पैसा

डीआर संवाददाता।। भोपाल

साइबर ठगी का शिकार होने के बाद यदि शाखा समय रहते बैंक को सूचना दे देता है तो उसे अपने नुकसान की भरपाई का अधिकार है। भोपाल जिला उपभोक्ता आयोग ने इसी सिद्धांत को लागू करते हुए भारतीय स्टेट बैंक को आदेश दिया है कि वह उपभोक्ता के खाते से साइबर ठगी में निकली गई रकम को वापस करे। आयोग ने प्रकरण में सेवा में बैंक की कमी मानते हुए उपभोक्ता को हुई परेशानी के लिए 10 हजार रुपये और मुकदमे के खर्च के तौर पर पांच हजार रुपये के साथ ठगी के बाकी 47,700 रुपये अदा करने का आदेश दिया।

मामला 24 मार्च 2023 का है। प्रदूषण ठांठे के फोन पर कॉल आया। कॉल करने वाले ने स्वयं को बिजली कंपनी का कर्मचारी बताया और बिजली बिल जमा नहीं होने पर कनेक्शन काटने की बात कही। इसके बाद कालर की ओर से एक लिंक साझा कर एपी डेक्स डाउनलोड करने को कहा गया। उसी दिन शाम को ठांठे के पास बैंक का एसएमएस आया कि आपने मोल एसबीआई पे एप पर बुफिआइ पिन स्थापित कर लिया है। उन्होंने अगले ही दिन 25 मार्च को शिकायत दर्ज कराई।

बैंक ने उपभोक्ता की लापरवाही बताई

उपभोक्ता आयोग के समक्ष एसबीआई की ओर से तर्क रखा गया कि उपभोक्ता की लापरवाही से बुफिआइ पिन तीसरे पक्ष के साथ साझा हुई। इससे हुए नुकसान की जिम्मेदारी बैंक की नहीं होती। यह भी कहा गया कि उनको जो शुरुआती ईमेल मिला था, वह फिशिंग नहीं था। उसमें उपभोक्ता का नाम, खाता संख्या और लेनदेन नंबर भी नहीं था, इसे में कार्रवाई संभव नहीं हो पाई।

आयोग ने इन आधारों पर सुनाया फैसला

एसबीआई की ओर से छह जुलाई 2017 को जारी परिपत्र में कहा गया कि यदि उपभोक्ता अनधिकृत लेनदेन की सूचना तीन दिन के भीतर बैंक को दे देता है तो इस मामले में उपभोक्ता का कोई दायित्व नहीं बनता।

2022 में दिल्ली उच्च न्यायालय का हरेराम सिंह बनाम आरबीआई में दिया फैसला। इसमें कहा गया कि पीड़ित ने कोई ओटीपी साझा नहीं की। बैंक और पुलिस को रकवाल सूचना दी। ऐसे में बैंक उपभोक्ता की राशि वापस करे।

2025 में फतहपुर पीमिक बनाम एसबीआई के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बैंक ग्राहकों को अनधिकृत लेनदेन से बचाने के लिए जिम्मेदार है। धोखाधड़ी रोकने के लिए एक्सेस कंट्रोलिंग जा इस्तेमाल करना चाहिए।

लोडिंग ऑटो से पीछा कर यूनियन बैंक के पास पकड़ा पर अपार्टमेंट के रास्ते भाग निकले

डीआर संवाददाता।। भोपाल

बरा सेवनिया इलाके में सवारी बनकर ऑटो में बैठे तीन बदमाशों ने 71 वर्षीय बुजुर्ग के बैग से करीब 8 लाख रुपए कीमत के जेवर चोरी कर लिए। बुजुर्ग रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से बरा सेवनिया स्थित पेंशन के लिए ऑटो में सवार हुए थे। थाने से कुछ ही दूरी पर तीन युवक सवारी बनकर ऑटो में बैठे और बुजुर्ग का बैग पीछे रख दिया। कुछ देर बाद बैग से जेवर का डिब्बा गायब मिला तो बुजुर्ग को युवकों पर संदेह हुआ। इसी बीच तीनों ऑटो से उतरकर भागने लगे।

बुजुर्ग भी उनके पीछे दौड़े और लोडिंग ऑटो की मदद से

ऑटो में सवारी बनकर बैठे 3 बदमाशों ने बुजुर्ग के बैग से आठ लाख के जेवर चुराएए शक होते

पीछा कर यूनियन बैंक के पास उन्हें पकड़ ही लिया, लेकिन बदमाश एक अपार्टमेंट के रास्ते भाग निकले। पूरी वारदात से जुड़े कई सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं। मामले में ऑटो चालक की भूमिका भी संदेह्य बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपन लेकर जांच शुरू कर दी है मंगल ये सोसायटी निवासी रामनरेश पटेल मूलतः रीवा के रहने वाले हैं और एक प्राइवेट प्राइवेट कंपनी में जॉब करते हैं। उनके पिता नंदीलाल पटेल (71) सिंचाई विभाग से रिटायर हैं। नंदीलाल ने बताया कि रविवार सुबह 7:30 बजे वह रेलवेस्टेशनएक्सप्रेस से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। स्टेशन की सीढ़ियां उतरे ही थे कि प्लेटफार्म नंबर-5 की तरफ से उन्होंने पेंशन दे जाने के लिए ऑटो किया। बरा सेवनिया थाने से लगभग 15 मिनट की दूरी पर ऑटो चालक ने तीन युवकों को सवारी के रूप में बैठाया।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर आषाढ़ कृष्ण पक्ष 14- 2083 सीहोर, दिन सोमवार, दिनांक 13 जुलाई 2026

न्यूज गैलरी

ई-प्रवेश अभियानरू 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने लिया प्रवेश

सीहोर। मध्यप्रदेश के ई-प्रवेश पोर्टल के माध्यम से सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया जारी है। 11 जुलाई तक 6.53 लाख विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया, जबकि 5.65 लाख आवेदनों का सत्यापन हो चुका है। अब तक 4,00,206 विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर और शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रमों में प्रवेश मिल चुका है। कॉलेज स्तरीय काउंसिलिंग (स्ब्ब्) जारी है और प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है।

अब हर गुनहगारी मामले में अनिवार्य होगी एफआईआर

सीहोर। मध्यप्रदेश पुलिस ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के पालन में सभी गुनहगारी मामलों में अनिवार्य रूप से एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी किए हैं। पहले यह व्यवस्था केवल गुप्त न्यायिक कार्यों के लिए लागू थी। अब महिला और पुरुष सहित प्रत्येक गुप्त इंसान की सूचना मिलते ही तत्काल एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की जाएगी, ताकि त्वरित खोज और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

उद्यानिकी योजनाओं के लिए आवेदन आमंत्रित

सीहोर। उद्यानिकी विभाग ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन (हमू) और राज्य योजना 2025-27 के तहत फल, सब्जी, पुष्प, मसाला, जैविक खेती, स्टरीलाइजेशन खेती एवं पंजीकरण योजनाओं के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक किसान ऊर्जा पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कर आवेदन कर सकते हैं। लाभार्थियों का चयन लॉटरी प्रक्रिया से होगा। अधिक जानकारी कलेक्ट्रेट स्थित उद्यानिकी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती के आवेदन 13 जुलाई तक

सीहोर। महिला एवं बाल विकास विभाग ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के मानदेय आधारित रिक्त पदों के लिए पात्र महिलाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन दस्तावेजों के सत्यापन पोर्टल के माध्यम से 13 जुलाई तक किए जा सकते हैं। आवेदन में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित है। विस्तृत जानकारी सत्यापन पोर्टल और संबंधित परियोजना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

सीहोर। पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई तय की गई है। पात्र विद्यार्थी ब्म्ब्ब् पोर्टल पर समय सीमा के भीतर आवेदन कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने सभी शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिए हैं कि वे पात्र विद्यार्थियों के आवेदन समय पर सुनिश्चित कराएं, ताकि कोई भी छात्र योजना के लाभ से वंचित न रहे।

दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के आवेदन 31 अगस्त तक

सीहोर। मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राएं 31 अगस्त तक स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों को लेप्रोसी तथा निर्धारित श्रेणी के दिव्यांग छात्रों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज संबंधित संस्था के माध्यम से सामाजिक न्याय विभाग में भी जमा कराना अनिवार्य होगा।

29 करोड़ 29 करोड़ के सीएम राइज स्कूल भवन पर उठे सवाल, अधूरे निर्माण को पूर्ण बताकर सौंपने का आरोप

29 करोड़ के अधूरे सांदीपनि स्कूल को कागजों में पूरा बताकर किया हैंडओवर, चल रहा काम

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सीहोर के जिला शिक्षा विभाग में 29 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहे सीएम राइज (सांदीपनिमुक्तेश) विद्यालय भवन को लेकर नया विवाद सामने आया है। आरोप है कि भवन का निर्माण कार्य पूरी तरह समाप्त होने से पहले ही तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी ने इसे विभाग की ओर से स्वीकार कर पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कर दिया। मामले के सामने आने के बाद शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली और निर्माण एजेंसी की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार भवन निर्माण निगम की ओर से तैयार किए गए सक्षमीकरण दस्तावेजों में निर्माण कार्य 30 मई 2026 को पूर्ण होना दर्शाया गया है। इसके बाद 10 जून को तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी संजय मिश्र तोमर ने भवन का पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कर दिया। इसके बाद 16 जून को भवन का हैंडओवर लिया गया, ताकि निर्माण एजेंसी के भुगतान में कोई बाधा न आए।

दूसरी ओर, मौके की स्थिति दस्तावेजों से अलग दिखाई दे रही है। परिसर में अब भी फर्नीचर, ट्रैक्टर-ट्रॉली और मजदूरों के माध्यम से निर्माण कार्य जारी है। कई कमरों में फर्श का काम अधूरा है, बिजली फिटिंग पूरी नहीं हुई है और पेंटिंग व विद्युतीकरण का कार्य भी चल रहा है। भवन की कुछ दीवारों में दरारें दिखाई देने को भी वजह है, जिन्हें मरम्मत कर छिपाने का प्रयास किए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं।

मामले ने उस समय और तूल पकड़ लिया जब संजय मिश्र तोमर के स्थानांतरण और नई व्यवस्थापक को लेकर भी सवाल उठने लगे। पहले उन्हें उनके मूल पद पर भेजा गया, लेकिन बाद में आदेश में संशोधन कर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) सीहोर में व्याख्याता पद पर पदस्थ कर दिया गया। विभागीय सूत्रों का दावा है कि इस पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता को लेकर भी अपात्रता सामने आ रही है। उधर, भवन विकास निगम के अधिकारियों का कहना है कि विद्यालय भवन का आंशिक हैंडओवर लिया गया है और शेष विभिन्न कार्य पूरा होने के बाद अंतिम रूप से भवन निगम को सौंपा जाएगा। हालांकि पूरे मामले को लेकर अब शिक्षा विभाग और निर्माण एजेंसी दोनों की कार्यप्रणाली जांच के दायरे में आती दिखाई दे रही है। सूत्रों के अनुसार मामले को लेकर विभागीय स्तर पर दस्तावेजों और निर्माण कार्य की गुणवत्ता की भी समीक्षा की जा रही है। यदि जांच में निर्माण कार्य, हैंडओवर प्रक्रिया अथवा भुगतान-पत्र जारी करने में किसी प्रकार की अनियमितता प्रमाणित होती है तो संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा सकती है। मामले को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों की नजर आगामी जांच रिपोर्ट पर टिकी हुई है।

धोखाधड़ी और बैंकिंग नियमों की अनदेखी के आरोप

6 भाइयों की सहमति के बिना खुला खाता, ग्रामीण बैंक पर धोखाधड़ी का आरोप

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिले के सलखनी गांव गांव में स्थित प्रदेश ग्रामीण बैंक पर एक किसान परिवार ने धोखाधड़ी और बैंकिंग नियमों की अनदेखी के गंभीर आरोप लगाए हैं। परिवार का कहना है कि उनकी लिखित आपत्ति के बावजूद बैंक ने छह भाइयों में से केवल दो की सहमति से नया खाता खोलकर 1.21 लाख रुपये का ऋण जारी कर दिया।

परिवार के सदस्य भगवान सिंह ने बताया कि उनके पिता अशोक सिंह के नाम पर किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) का ऋण खाता संचालित था। जब सभी भाई पुराना ऋण चुकाकर खाता बंद कराने बैंक पहुंचे, तब उन्हें नए खाते और नए ऋण की जानकारी मिली। उनके अनुसार, पुराने केसीसी खाते में 3.22 लाख रुपये का बकाया था, जबकि अलग से 1.21 लाख रुपये का नया ऋण भी स्वीकृत कर दिया गया।

परिजनों का कहना है कि करीब छह महीने पहले बैंक को लिखित आवेदन देकर स्पष्ट किया गया था कि खाते से संबंधित किसी भी प्रकार की कार्रवाई सभी छह भाइयों की उपस्थिति और सहमति से ही की जाए। आरोप है कि इसके बावजूद बैंक कर्मियों ने घर पहुंचकर अन्य भाइयों की अनुपस्थिति में एक सदस्य से दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करा लिए।

परिवार ने बैंक प्रबंधन से मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है। वहीं बैंक का कहना है कि सभी खाते नियमानुसार खोले जाने हैं और प्रक्रिया का पालन किया गया है।

बिना अनुमति विदेश यात्रा पर गए बाबू निलंबित, एफआईआर की तैयारी

डीआर संवाददाता>>सीहोर

सीहोर जिले के ग्रामीण विकासखंड हाई स्कूल नंदी में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 (बाबू) सुनील कुमार विश्वकर्मा को बिना विभागीय अनुमति विदेश यात्रा करने के मामले में निलंबित कर दिया गया है। जिला पंचायत सीईओ ने जांच रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की है। नियमानुसार विदेश के दौरान उनके मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय इछावर निर्धारित किया गया है।

जानकारी के अनुसार निलंबित अवधि अंतर्गत अपने मुख्यालय को बिना अवगत कराए, लगातार 30 दिन से अधिक समय तक विदेश यात्रा पर गए थे। जांच में यह तथ्य सही पाया गया। नियमों के अनुसार शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को विदेश यात्रा से पहले लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) से अनुमति लेना अनिवार्य होता है, जबकि निलंबित ने ऐसी कोई अनुमति प्राप्त नहीं की थी।

जांच के दौरान सर्विस बुक में कथित छेड़छाड़ का मामला भी सामने आया। आरोप है कि उन्होंने जानकारी को अनुचित लाभ का उल्लेख दर्ज किया, जबकि प्रारंभ में ऐसी कोई अनुमति देने से इनकार किया। दर्ज के सुधारित जांच शुरू होने के बाद से उन्होंने अनुमतिप्राप्त है तक दावा किया। ने भी विभागीय जांच प्रारंभ की है। जिला विभाग द्वारा उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी कर रहा है। बिना अनुमति विदेश यात्रा पर गए बाबू निलंबित, एफआईआर की तैयारी

प्रतिबंध के बीच 2 क्विंटल मछली जब्त, भोपाल का आरोपी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता>>सीहोर

नर्मदा नदी से मछली पकड़ने और परिवहन पर प्रतिबंध के बावजूद अवैध रूप से मछलियों की तस्करी की मामला सामने आया है। मेघा खाता पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए एक टाटा सफारी वाहन से करीब दो क्विंटल मछली जब्त कर भोपाल निवासी सरफराज खान को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने मछलियों के साथ वाहन भी जब्त कर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नीलकंठ तेल की ओर से एक सफेद टाटा सफारी में बड़ी मात्रा में मछलियां अवैध रूप से लाई जा रही हैं।

सूचना के आधार पर थाना सोहागी विश्वास पेट्रोल पंप के पास घेराबंदी कर वाहन को रोका गया। तलाशी के दौरान सफारी की बैक सीटों और डिक्की में हरे रंग के जाल में छिपाकर रखी गई 30 बड़ी मछलियां बरामद हुईं। तौल करने पर इनका कुल वजन लगभग दो क्विंटल पाया गया। पूछताछ के दौरान मौजूदा सरफराज खान मछलियों के परिवहन और व्यापार से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस के अनुसार, जिला कलेक्टर के आदेश के तहत जिलाध्यक्ष नर्मदा नदी से मछली पकड़ने और उनके परिवहन पर प्रतिबंध लागू है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 तथा मध्यप्रदेश मत्स्य क्षेत्र (संशोधन) अधिनियम, 1964 की धारा 5 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। साथ ही बीएनएसएस की धारा 35(3) के तहत नोटिस जारी किया गया है। पुलिस इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

नव नियुक्त जिलाध्यक्ष ऋतु जैन का मातृशक्ति ने किया स्वागत

पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के निवास पर नवनियुक्त ऋतु आनंद जैन का भव्य स्वागत किया

डीआर संवाददाता>>सीहोर

रविवार को शहर के वार्ड सैफ के सामीपस्थ नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के निवास पर नवनियुक्त ऋतु आनंद जैन का भव्य स्वागत किया गया।

उन्होंने कहा कि माँ ने जो दायित्व दिया है, उसे पूरी निष्ठा से निभाएंगी। महिला मोर्चा को जमीनी स्तर पर और मजबूत करेंगी। मप्र भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी चतुर्वेदी राजपाठे ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से सीहोर जिला भाजपा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद पर ऋतु आनंद जैन की नियुक्ति की घोषणा की।

इस मौके पर सविता राठौर, सोनम राठौर, तारा कटारिया, सरोज ठाकुर, रेखा मेनारिया, मीना परिहार, अर्चना चौहान आदि ने स्वागत किया।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष की राठौर ने उपस्थित केन्द्र और प्रदेश सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजना चला रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने उज्ज्वला, सुकन्या, जनधन, मुद्रा जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। नारी शक्ति के सहयोग से भारत देश को विकसित भारत तभी से आगे बढ़ रहा है। देश की नींव को मजबूत करने में नारी शक्ति की भूमिका को सराहना करते हुए सभी सभी क्षेत्रों में महिलाओं के सशक्तीकरण को लेकर प्रतिबद्ध है। आज महिलाएं भारत की सेना और सुरक्षा क्षेत्रों का अभिन्न अंग बन चुकी हैं।

कलेक्टर के आदेश बेअसर, श्यामपुर क्षेत्र में जारी अवैध खनन

डीआर संवाददाता> श्यामपुर

जिले में अवैध उत्खनन पर पूरी तरह अंकुश लगाने के कलेक्टर के सख्त दावों और निर्देशों को मैदानी अमला ही पलीता लगाने में जुटा है। श्यामपुर तहसील और आस-पास क्षेत्र के तहत आने वाले ग्राम मुल्लोखेड़ी और हिरणखेड़ी से बीता इन दिनों मशिनरियों के होंसले बुलंद हैं।

यहां बिना किसी खौफ के बुलडोजर और ट्रैक्टर-ट्रालियों के माध्यम से बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन का खेल बेखटके से चल रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।

सीहोर कलेक्टर द्वारा जिले में माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और अवैध उत्खनन को पूरी तरह प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके बावजूद जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। क्षेत्र में कलेक्टर के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। अवैध रेत से उत्खनन कर चोरी व जब्त वाहनों के लगे ओवरलोड ट्रैक्टर बेखौफ होकर मुख्य सड़कों पर दौड़ रहे हैं।

गति सीमा से अधिक दौड़ते इन ओवरलोड वाहनों के कारण मुख्य सड़कों पर राहगीरों की जान को भी हमेशा खतरा बना रहता है।

क्षेत्र में सरेआम चल रहे इस अवैध कारोबार से सीहोर खनिज (माइनिंग) विभाग और श्यामपुर तहसील प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि दिन-रात चल रहे इस अवैध उत्खनन की जानकारी स्थानीय प्रशासन को भी है, लेकिन इसके बावजूद अब तक जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा माफियाओं के खिलाफ कोई ठोस और दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई है।

ऑनलाइन कथा ऑनलाइन शिव महापुराण कथा में भक्ति, विश्वास और शबरी की प्रतीक्षा का दिया संदेश

भक्ति से सरल होता है मुक्ति का मार्ग, अहंकार और छल-कपटका करें त्याग, पंडित राघव मिश्रा

डीआर संवाददाता>>सीहोर

मनुष्य को अपने जीवन का प्रत्येक दिन किसी न किसी अच्छे कार्य के लिए समर्पित करना चाहिए। आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और भगवान पर अटूट विश्वास जीवन को सफल बनाते हैं। जब मनुष्य स्वयं को श्रेष्ठ बनाने का प्रयास करता है, तभी वह समाज और राष्ट्र के लिए भी उपयोगी बनता है। भक्ति से सरल होता है मुक्ति का मार्ग, अहंकार और छल-कपट का त्याग और कल्मष से भक्ति मार्ग को सरल करे। उक्त विचार जिला मुख्यालय के रामेश्वरम प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर जारी सात दिवसीय आन लाइन शिव महापुराण कथा के दौरान पंडित राघव मिश्रा ने कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा ने कहे।

ऑनलाइन शिव महापुराण कथा में श्रद्धालुओं को भक्ति, मुक्ति और भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने के विषय में प्रेरणादायी संदेश दिए गए। कथा के दौरान पंडित राघव मिश्रा ने भी श्रद्धालुओं को अहंकार, छल-कपट और सच्ची भक्ति का महत्व बताया। अपने प्रवचन में उन्होंने कहा कि अहंकार, छल और कपट का त्याग किए बिना भगवान शिव की कृपा प्राप्त नहीं की जा सकती।

मनुष्य का हृदय निर्मल और निष्कपट होना, यह उतना ही ईश्वर के निकट पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि भगवान को चाहते तिलमात्र नहीं, बल्कि सच्चा प्रेम, सच्चाई और निष्कलंक भाव प्रिय है।

भगवान की सच्ची भक्ति जीवन के सभी दुखों और भ्रमों को दूर कर आत्मिक शांति प्रदान करती।

वहीं पंडित प्रवीण मिश्रा ने भक्ति और मुक्ति के रहस्य में कहा कि जो व्यक्ति मुक्ति की इच्छा रखता है, उसे सबसे पहले भक्ति का मार्ग अपनाना चाहिए। जब मनुष्य भक्ति को पकड़ लेता है, तब मुक्ति का मार्ग स्वयं सरल हो जाता है। भगवान की सच्ची भक्ति जीवन के सभी दुखों और भ्रमों को दूर कर आत्मिक शांति प्रदान करती है। उन्होंने श्रद्धालुओं को सच्ची शबरी के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि भक्ति शबरी जैसी होनी चाहिए। शबरी ने वर्षों तक धैर्य, विश्वास और समर्पण के साथ प्रभु श्रीराम की प्रतीक्षा की और अंततः भगवान स्वयं उनके द्वार पहुंचे।

कही सच्ची भक्ति है जिसमें न अभिमान हो, न स्वार्थ, केवल अटूट विश्वास और प्रेम हो। पंडित प्रवीण मिश्रा ने कहा कि भक्ति का अर्थ केवल पूजा-पाठ करना नहीं है, बल्कि अपने व्यवहार में सत्य, सेवा, करुणा, विनम्रता और सदाचार को अपनाना भी सच्ची भक्ति है।

सीहोर की 2,40,309 बहनों के खाते में 35 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित

डीआर संवाददाता> सीहोर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मिंड जिले के उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रदेश की प्रदेश की 01 करोड़ 25 लाख 15 हजार से अधिक लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1,506 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले की 2,40,309 बहनों के खातों में 35 करोड़ 38 लाख 43 हजार 300 रुपये की राशि अंतरित की।

बढ़रहे हादसे

एक साल बाद भी नहीं बने स्थायी डिवाइडर, पार्वती ब्रिज पर बढ़ा हादसों का खतरा

कट पॉइंट से अचानक सड़क पार कर रहे वाहन, नए ब्रिज पर तीन-चार लोगों की जा चुकी

डीआर संवाददाता>>आष्टा

आष्टा में करीब 11 करोड़ रुपये की लागत से बने नए पार्वती ब्रिज और उससे जुड़े फोरलेन मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्थाएं अब तक पूरी नहीं हो सकी हैं। पुल के शुरू हुए लगभग एक वर्ष बीत चुका है, लेकिन अस्थायी स्थायी डिवाइडर नहीं लगाए जाने से वाहन चालकों की जान जोखिम में बनी हुई है। अस्थायी डिवाइडरों के बीच छोड़े गए कट पॉइंट से दोपहिया और चारपहिया वाहन अचानक सड़क पार कर रहे हैं, जिससे हर समय सामने-सामने की टक्कर का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शुरुआती दौर में इसी अव्यवस्था के कारण हुए हादसों में तीन से चार लोगों की जान जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद स्थायी समाधान नहीं किया गया।

दुर्घटनाओं के बाद पुलिस और प्रशासन ने पुराने बचे गए पार्वती पुल पर दन-दे व्यवस्था लागू की थी, जिससे कुछ समय तक यातायात व्यवस्थित रहा। इसके बावजूद नगर पालिका की ओर से लगाए गए अस्थायी डिवाइडर पर्याप्त सुरक्षित साबित नहीं हो रहे हैं। रेंस हाउस तक रखे गए डिवाइडरों के बीच इतनी जगह छोड़ी गई है कि कार और अन्य चारपहिया वाहन भी आसानी से यू-टर्न लेकर दूसरी ओर निकल जाते हैं। तेज रफ्तार से आने वाले वाहनों के बीच यह स्थिति कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

रात्रि के समय समस्या और गंभीर हो जाती है। पुराने पुल पर पर्याप्त स्ट्रीट लाइट नहीं है। पुराना रेस लैंप से अंधेरा तथा नये फोरलेन मार्ग पर भी स्थायी डिवाइडर नहीं लगाए गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा डिवाइडर लगाने के बाद उन्हें अब तक पूरी तरह सहज नहीं किया गया है। इससे अंधेरे और खराब मौसम में दुर्घटना का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है।

सुरक्षा संबंधी अन्य मांग पार्वती ब्रिज एक सीमित नहीं है। पुराना रेस लैंप से अंधेरा तथा नये फोरलेन मार्ग पर भी स्थायी डिवाइडर नहीं लगाए गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा डिवाइडर लगाने के बावजूद सुरक्षा से जुड़े कई कमी उभरे हैं। पार्वती पुल से जैन मंदिर तक कुछ स्थानों पर अस्थायी डिवाइडर रखे गए हैं, जबकि कई हिस्से पूरी तरह खुले पड़े हैं। तेज रफ्तार वाहन चालक अचानक सामने आने वाले कट पॉइंट या डिवाइडरों को समय पर नहीं देख पाते, जिससे आए दिन छोटे-बड़े सड़क हादसे हो रहे हैं।

दरअसल ये सिलसिला तक पुराने भोपाल-इंदौर मार्ग तथा जन्नीद चैक पर भी डिवाइडर नहीं लगाए गए हैं। यह मार्ग पगोर, सुल्तानपुर और जन्नीद जो जोड़ने वाला प्रमुख बायपास मार्ग है, यहां दिन-रात भारी और हल्के वाहनों का दबाव बना रहता है। फोरलेन बनने के बाद वाहनों की गति पहले की तुलना में काफी बढ़ गई है, लेकिन सुरक्षा सुविधाओं का विस्तार उसी अनुपात में नहीं किया गया। विशेष रूप से फार्मिंग पुल से अस्थीपुर के बीच स्थित दो अंधे मोड़ दुर्घटनाओं के सबसे संवेदनशील बिंदु माने जा रहे हैं।

स्थानीय नागरिक नरेंद्र सिंह और सुजान शर्मा सहित कई लोगों ने प्रमुख मार्गों पर तत्काल स्थायी डिवाइडर, पेड़ल प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षित यू-टर्न विकसित करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए तो भविष्य में गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहेगी। इस संबंध में नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी मैनीष प्रजापति ने बताया कि जिन स्थानों पर स्थायी डिवाइडर नहीं हैं, वहां इन्हें लगाने का प्रस्ताव विभाग की कार्यवाही में शामिल है। आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही स्थायी डिवाइडर स्थापित करने का कार्य शुरू किया जाएगा ताकि यातायात अधिक सुरक्षित बनाया जा सके।

इंदौर, देवास, सोनकच्छ होते हुए जिले की सीमा में प्रवेश

युवा स्वाभिमान यात्रा 14 जुलाई से, सीएम हाउस का घेराव

डीआरसंवाददाता>>सीहोर

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में 14 और 15 जुलाई को जिले में युवा स्वाभिमान यात्रा शाजापुरमीगोन और युवा स्वाभिमान यात्रा-यात्रा की दूत का आयोजन होगा। यात्रा में युवाओं, छात्रों, किसानों के हक, शिक्षा, रोजगार और स्वाभिमान का मुद्दा उठेगा। जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर ने इसे ऐतिहासिक बनाने की तैयारी की है। 14 जुलाई को यात्रा इंदौर, देवास, सोनकच्छ होते हुए जिले की सीमा में प्रवेश करेगी।

यात्रा दोलतपुर से गुजरेगी। यात्रा महाबारा से गुजरेगी। यात्रा जावर जीरा पहुंचेगी। यहां ग्रामीण यात्रा-यात्राओं के साथ पुरानीयां संवाद कार्यक्रम होगा। यात्रा डोबी से होते हुए आष्टा पहुंचेगी। आष्टा के गोकुलधाम गार्डन, पुराना दशहरा मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। युवा संवाद होगा। रात विश्राम आष्टा में रहेगा।

सुबह 11 बजे कोतवाली चौराहे पर युवा स्वाभिमान जनसभा

15 जुलाई को यात्रा की शुरुआत कोठरी से होगी। यात्रा अमलाहा से गुजरेगी। यात्रा सीहोर से गुजरेगी। यात्रा नसरुल्लागंज से गुजरेगी। यात्रा भुगीपुर से गुजरेगी। सुबह 10 बजे कांफिला शहर में इंदौर नाका पहुंचेगा। कोतवाली चौराहा से गुजरेगा। लोहा टोकीज चौराहा से गुजरेगा। बड़ा बाजार मार्ग से गुजरेगा। सुबह 11 बजे कोतवाली चौराहे पर युवा स्वाभिमान जनसभा होगी। जनसभा में जीतू पटवारी सहित कई नेता युवाओं और किसानों को संबोधित करेंगे। इसके बाद कांफिला आगर ठेरी चौराहा से गुजरेगा। बस स्टैंड से गुजरेगा। सेकडाखेडी रोड से गुजरेगा। पादा टोल टैक्स से गुजरेगा। भोपाल में मुख्यमंत्री निवास सीएम हाउस के के घेराव घेराव के के लिए रवाना होगा। जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर के अध्यक्ष राजीव राजीव गुजराती ने अपील सरकार में पहुंचने की अपील की है।

न्यूज गैलरी

बीड़ी एवं खदान श्रमिकों के बच्चों को 25 हजार तक छात्रवृत्ति

सीहोर। भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजना के तहत बीड़ी एवं खदान श्रमिकों के बच्चों के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन 31 अक्टूबर तक किए जा सकते हैं। योजना में कक्षा 1 से व्यावसायिक पाठ्यक्रमों तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को 1,000 से 25,000 रुपये तक की वार्षिक छात्रवृत्ति डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी संस्थानों को पात्र विद्यार्थियों के आवेदन और सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस-राजस्व समन्वय से ही शांति और सुशासन

जावर। थाना परिसर में इंदौर स्थानांतरित तहसीलदार ओमप्रकाश धोत्रा के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी हेमंत पांडेय ने कहा कि कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने में पुलिस और राजस्व विभाग एक-दूसरे के पूरक हैं तथा दोनों के समन्वय से ही शांति, सुरक्षा और सुशासन सुनिश्चित होता है। समारोह में धोत्रा का शाल, श्रीफल, पुष्पहार और स्मृति-चिन्ह देकर सम्मान किया गया। अधिकारियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने भूमि विवाद, सीमांकन, अतिक्रमण सहित राजस्व मामलों का संवेदनशील और समयबद्ध निराकरण किया।

रुणीचा धाम में 16 से 20 जुलाई तक रामदेव कथा

इछावर। रुणीचा धाम मंदिर में रामदेव मंदिर के जीर्णोद्धार एवं प्राण-प्रतिष्ठा के चार वर्ष पूर्ण होने पर 16 से 20 जुलाई तक पंच दिवसीय रामदेव कथा, संकीर्तन एवं भगवत ज्ञान प्रवाह का आयोजन होगा। प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक कथा वाचक आनंद मोहन शुक्ला श्रद्धालुओं को कथा सुनाएंगे। कथा में रामदेवजी के जीवन, भक्ति, बाल लीलाओं, सामाजिक समरसता और रामदेवजी की महिमा का वर्णन होगा। 20 जुलाई को निर्विघ्न शोभायात्रा पूजा और 56 भोग के साथ आयोजन का समापन किया जाएगा।

अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष चयन को लेकर हुई बैठक

डीआर संवाददाता>>आष्टा

आष्टा अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देश पर मध्य प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रभारी आसिफ कागजी, सह प्रभारी लियाकत अली ने जिला अध्यक्ष चयन की प्रक्रिया शुरू की। इसके लिए प्रभारी आसिफ अली काजी, सह प्रभारी रिजवान नागोरी ने कांग्रेस कार्यालय में बैठक ली।

बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने की। बैठक में प्रभारी आसिफ काजी ने अल्पसंख्यक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से बन टू बन चर्चा की। जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए आवेदन भी लिए गए। बैठक में पूर्व पार्षद शमीम अहमद, पार्षद इरफान लाला, हसीन बुरोही, अल्लाह खान, पूर्व पार्षद अब्बास पहलवान अली, शाहनवाज अली, पूर्व पार्षद इरशाद नंसुरी, सोहेल गिर्जा, फैजुद्दीन, नसीम शाह, अफजल फोल मौजूद रहे। संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस जीशीफ बाबा ने किया।

रथ में सवार करने के लिए जगन्नाथपुरी से लाए भगवान की विशेष प्रतिमा

डीआर संवाददाता>>सीहोर

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा जी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन 16 जुलाई को किया जाएगा। यह ऐतिहासिक एवं धार्मिक रथ यात्रा शहर के प्राचीन जगन्नाथ मंदिर, छावनी से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई राजेन्द्र टाकीज के पास स्थित स्वामीनारायण मंदिर पहुंचेगी। लगभग 88 सालों से परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में निकाली जाने वाली भव्य यात्रा को लेकर सामाजिक शांति और सहयोग बैठक में आयोजन पर चर्चा किया है। यही आगामी 14-15 जुलाई को मंदिर से जगन्नाथ पुरी से लेकर आई चलती प्रतिमाओं का विशेष अभिषेक और हवन 108 संत पंडित दुर्गाप्रसाद महाराज के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इसके अलावा 16 जुलाई को सुबह दस बजे आरती और उत्साह के साथ भव्य रथ यात्रा पूरी की तर्ज पर निकाली जाएगी।

सनातन के वरिष्ठ पुरुषोत्तम पटेल और पूर्व पार्षद सनातोष आरजा सुरेश गन्नर परमार ने बताया कि परमार समाज और क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं के द्वारा भिलवर पूरी की तर्ज पर यात्रा निकाली जाती है।

आयोजन समिति ने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। रथ यात्रा के दौरान पूरा शहर जय जगन्नाथ के जयघोष से गुंजायमान होगा और भक्तिमय का अद्भुत वातावरण देखने को मिलेगा। इस वर्ष चल समारोह अध्यक्ष भवर लाल परमार कुतांस कला का स्वागत सम्मान किया गया।

श्री हंसदास मठ में किया गया भव्य भंडारे का आयोजन

गुरू की कृपा से ही अनंतदृष्टि द्वारा अंतर्घट में ही ईश्वर की दिव्य अनुभूतियां होती

डीआर संवाददाता> सीहोर

गुरु की कृपा से ही शिष्य अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर अग्रसर होता है। भारतीय ज्ञान परंपरा में गुरु न केवल शिक्षा के प्रदाता हैं, बल्कि जीवन के पथ-प्रदर्शक, और राष्ट्रनिर्माण के सूत्रधार भी हैं। गुरु की कृपा से ही अनंतदृष्टि द्वारा अंतर्घट में ही ईश्वर की दिव्य अनुभूतियां होती हैं। भगवान शिव के मार्ग पर जागृत तृतीय नेत्र प्रेरित करता है कि हम भी एक पूर्ण गुरु की शरण प्राप्त कर अपना

शिव-नेत्र जागृत करें। जैसे ही समाधि यह नेत्र खुलेगा, हम अपने भीतर समाई ब्रह्म-सत्ता का साक्षात्कार करेंगे। उक्त विचार शहर के प्राचीन श्री हंसदास मठ के महंत हरिप्रसादाचार्य महाराज ने कहे। इस मौके पर उपस्थित को अपने गुरु ब्रह्मलीन रामदासदास महाराज के पुण्य स्मरण पर भव्यातिभव्य आयोजन किया गया था, इस मौके पर क्षेत्र के सभी मंदिरों, प्राचीन सिद्धपीठ के अन्य संतों का दर्शन सत्संगलीला अभिलेश राय, पूर्व विधायक रमेश सक्सेना सहित अन्य ने किया।

इस अवसर में मिली जानकारी के अनुसार हर साल बड़ा पर अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उसी श्रृंखला को मुन्दतिथि आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष त्रयोदशी के दिन ब्रह्मलीन संत गुरु रामदासदास महाराज का पुण्य स्मरण वाले गुप्त मंदिर परिसर में सुबह भगवान की आरती के पश्चात 56 भोग की प्रसादी का वितरण किया गया। इसके अलावा रात्रि भर अनेक संत, साधु, महंत और कथा वाचकों का सम्मान किया गया।

गुम इंसान प्रकरण में एफआईआर अनिवार्य

सीहोर। मध्यप्रदेश पुलिस ने गुमशुदा व्यक्तियों की खोज खोज व उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए प्रदेश के सभी पुलिस इकाइयों को प्रत्येक गुम इंसान के प्रकरण में अनिवार्य रूप से एफआईआर पंजीबद्ध करने के निर्देश जारी किए हैं। प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षकों, पुलिस महानिरीक्षकों, एवं पुलिस महानिरीक्षकों व पुलिस अधिकारियों को विस्तृत निर्देश प्रेषित किए गए हैं। वर्ष 2012 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बचपन बचाओ आंदोलन बनाम भारत सरकारमामले में दिए आदेशों पर पीछा लगाने की परंपरा विकसित करने पर जोर दिया। सुप्त अवस्था आगर संघा ने कहा कि पीछोपण एक दिन का अभियान नहीं है। यह निरंतर चलने वाला जनआंदोलन बने। उन्होंने सरपंचों से पौधों की निगरानी देखभाल करने को कहा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सरपंचसंघ पदम छलानी, राष्ट्रीय सचिव अशोक बोहरा, प्रभारी सितवा खान, पवन सुराणा, नगीन जैन बोहरा, रविंद्र रांका, राकेश सुराणा मौजूद रहे। सूप के संस्थापक अध्यक्ष राहुल खानमुखा और रुपीता खानमुखा भी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में दंपति उपस्थ शामिल हुए।

अमरगढ़ वॉटरफॉल जा रहे 20 लोगों को लौटाया वापस

डीआर संवाददाता> सीहोर

कलेक्टर श्री बालागुरु के, के निर्देशानुसार जनहित में नागरिकों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी वॉटरफॉल, डैम, जल पर्यटन स्थलों एवं अन्य जोखिमपूर्ण स्थानों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएस) की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश प्रभावी है। इन स्थानों पर वर्षा के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए राजस्व, वन, पुलिस तथा अन्य विभागों के मैदानी अमले की संयुक्त कार्रवाई की गई है, ताकि पर्यटकों को प्रतिबंधित क्षेत्रों में जाने से रोका जा सके तथा उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके।

कलेक्टर के निर्देशानुसार अमरगढ़, दिनवर और कालियादेव वॉटरफॉल सहित इन सभी दुर्गम तथा संवेदनशील स्थलों पर नागरिकों को जाने से रोकने के लिए इनके मुख्य मार्गों पर तीनों नाकाबंदी की गई है। टीम द्वारा अमरगढ़ वॉटरफॉल जा रहे 20 लोगों को प्रतिबंधात्मक आदेश की जानकारी देकर वापस लौटाया गया।

कलेक्टर श्री बालागुरु के, ने पर्यटकों से अपील की है कि वे अपनी तथा अपने परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश न करें। नागरिकों का जीवन एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उल्लेखनीय है जिले के इन पर्यटन स्थलों पर सीहोर के साथ-साथ भोपाल से भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। कलेक्टर ने सभी नागरिकों से प्रतिबंधात्मक आदेशों का पालन करने तथा सुरक्षित व्यवहार अपनाने की अपील की है।

पौधे रोपे

जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप वीर ने सांदीपनि स्कूल में रोपे पौधे

वृक्ष प्रकृति की सुंदरता नहीं बढ़ाते, वह जीवन का आधार हैं

डीआर संवाददाता> आष्टा

पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ श्री जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप वीर ने रविवार को सांदीपनि विद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम किया। कार्यक्रम जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप फेडरेशन इंदौर के निर्देशन में हुआ।

स्वागत भाषण सचना संघ और मोना कोचर ने दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष प्रकृति की सुंदरता नहीं बढ़ाते। जीवन का आधार हैं। हर व्यक्ति साल में एक पौधा लगाए। उसका संरक्षण करे। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी।

फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष जैन ने कहा कि दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, घटते हरित क्षेत्र जैसी चुनौतियों से जूझ रही है। सच्चे प्रभावी समाधान पौधारोपण है। संरक्षण जरूरी है। उन्होंने कहा कि एक पौधा लगाना पर्यावरण की सेवा है। आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ जीवन का उपहार है।

संदीपनि विद्यालय में पौधे रोपते हुए।

पर्यावरण संरक्षण हर नागरिक का सामाजिक दायित्व है। राष्ट्रीय सह सचिव मनोज जैन ने सुप्त नागरिक का सामाजिक दायित्व

राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण लालवानी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हर नागरिक का सामाजिक दायित्व है। राष्ट्रीय सह सचिव मनोज जैन ने सुप्त

न्यूज गैलरी

चौथे दिन भी बारिश नहीं गर्मी से लोग परेशान

विदिशा। जिले में चौथे दिन भी बारिश नहीं होने से लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। दिनभर बादल छाए रहने के बावजूद बारिश नहीं हुई। लगातार बारिश का इंतजार कर रहे किसानों की चिंता बढ़ गई है, वहीं शहर में भी उमस के कारण लोगों को परेशानी हुई। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में बारिश की संभावना बनी हुई है। फिलहाल जिले में अच्छी बारिश का इंतजार जारी है।

प्रोत्साहन योजना के लिए 31 अगस्त तक आवेदन

विदिशा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू किए हैं। पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राएं 31 अगस्त तक स्वयं पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के साथ दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करना होगा। ऑफलाइन आवेदन भी देना होगा।

रेशम समृद्धि योजना के अन्लाइन पंजीयन शुरू

विदिशा। रेशम समृद्धि योजना के तहत 23 गतिविधियों पर 75 से 90 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। किसान एक एकड़ निजी भूमि पर शहतूती पौधारोपण कर सकते हैं। मलबरी रेशम कृषि पालन अपनाकर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं। पंजीयन ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकता है।

जेल प्रहरियों से पूछताछ दस्तावेज ले गई जांच टीम

विदिशा । विचाराधीन कैदी की मौत के मामले में जेल मुख्यालय से जांच टीम सोमवार जेल पहुंची। जांच टीम टीम कैदी से संबंधित दस्तावेज अपने साथ ले गई। वहीं, जेल प्रहरियों से भी पूछताछ की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस मामले में जेल प्रहरियों पर गाज गिर सकती है। इधर, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग भी मामले को लेकर जेलर को नोटिस देगा। उल्लेखनीय है कि 9 जुलाई की रात लटेरी जेल में वह हत्या के विचाराधीन कैदी की तबीयत बिगड़ गई थी। सुबह 4 बजे से ही वहीं वॉलिटी पर जेल प्रबंधन ने दवा दे दी थी। इसके साढ़े तीन घंटे बाद जेल प्रहरी उसे अस्पताल ले गए थे। वहां डॉक्टरों ने कैदी को मृत घोषित कर दिया था।

नशे से दूर रखने किया हनुमान चालीसा का पाठ

गंजबासौदा। हिंदू चेतना सेवा समिति मंडल के तत्वा मुक्त नाथ अभियान के तहत शनिवार को श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ हुआ। आयोजन मालव भवन के पीछे पुराने मेल ग्राउंड में हुआ। प्रदेश मुखर्जी डॉ. वर्मा, अध्यक्ष से संरक्षक रहा। मुख्यवक्ता भगवान सिंह, श्री हनुमानजी के पूजन-अर्चन से हुई। श्रद्धालुओं ने सात बार सामूहिक हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। सम्मान पर महाआरती हुई। समिति अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी ने कहा कि नियमित हनुमान चालीसा पाठ से मन को शांति मिलती है। श्रद्धावान बढ़ती है। सकारात्मक ऊर्जा आती है। मन दूर होता है। नकारात्मक विचार कम होते हैं। व्यक्ति नशे जैसी कुरीतियों से बचता है। उन्होंने युवाओं से धार्मिक गतिविधियों में नियमित भाग लेने की अपील की। मंदिर के पुजारी पंडित अशोक शर्मा ने समिति के धार्मिक, जनजागरण अभियानों की सराहना की। कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

बिरिश में लटेरी सबसे आगे, दूसरे नंबर पर सिरोंज, शमशाबाद तहसील पीछे

मेडिकल कॉलेज घोटाला: एनएचआरसी का अंतिम अल्टीमेटम, एक अगस्त तक मांगी एक्शन रिपोर्ट

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

मेडिकल कॉलेज से जुड़े कथित सैलरी घोटाले और कर्मों नहीं करने में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों को अंतिम चेतावनी जारी किया है।

आयोग ने जिला कलेक्टर विदिशा, मुख्य चिकित्सा एवं अधिकारी सम्मा सीएमएचओ) तथा मध्य आयुक्त भोपाल से 1 अगस्त 2026 तक सैलरी एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने स्पष्ट कहा है कि निर्धारित समयसीमा एक रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने पर यह प्रकरण वैधानिक अधिकारों का उपयोग करते हुए आगे की कार्रवाई करेगा। आयोग के अनुसार इस मामले में 10 मई 1026 को जारी नोटिस के बाद सरल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा

संबंधित अधिकारियों से दो शपथ के मौजूद जवाब मांगा गया था, लेकिन निर्धारित

रिपोर्ट नहीं देने पर आयोग ने कानूनी कार्रवाई की दी चेतावनी

अवधि में रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई। इसके बाद 8 जुलाई 2026 को आयोग के वरि डिवीजन की ओर से सहायक रजिस्ट्रार कुलदीप सिंह ने अंतिम रिमाइंडर जारी करते हुए सभी संबंधित विभागों एवं जांच की प्रगति और की गई स्पष्टीकरण कमान विभाग वि

पूरा ब्यौरा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ता सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल चौरसिया ने आयोग को सौंपे गए दस्तावेजों ने आरोप लगाया है कि मेडिकल कॉलेज ने अस्टर्सहॉस्पिटल एजेंसी के माध्यम से कर्मचारियों की संख्या में कथित अनियमितता की गई। शिकायत के अनुसार, वास्तविक संख्या से अधिक कर्मचारियों का रिकॉर्ड दर्शाकर सरकारी राशि का भुगतान किया गया तथा मांगपत्र रिपोर्ट (पीएफ) सहित अन्य मदों में भी वित्तीय गड़बड़ियां हुई। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप है कि संबंधित बिलों का जमीनी सत्यापन किए बिना भुगतान की प्रक्रिया पूरी की गई। इसी शिकायत में वर्ष 2021 से 2024 के बीच एक महिला द्वारा बिना वैध डिग्री और पंजीयन के नर्स के रूप में कार्य करने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता का दावा है कि मामले के सामने आने के बावजूद नियमानुसार कार्रवाई नहीं की गई। इन आरोपों की जांच और यथायोग्य तय करने की मांग आयोग के समक्ष की गई है।

इधर मेडिकल कॉलेज के डीन मनीष निगम का कहना है कि इस तरह का कोई घोटाला नहीं हुआ है।

आयोग की अगली कार्रवाई और जांच रिपोर्ट पर टिकी हुई है

हालांकि इन सभी आरोपों की अभी आधिकारिक स्तर से पुष्टि नहीं हुई है और मामले की जांच जारी है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन अथवा संबंधित अधिकारियों की ओर से इस संबंध में विस्तृत आधिकारिक प्रतिक्रिया फिलहाल सामने नहीं आई है। अब पूरे मामले में 1 अगस्त 2026 की समयसीमा महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यदि संबंधित विभाग आयोग को समय पर जांच रिपोर्ट सौंपते है तो आगे की कार्रवाई उसी के आधार पर तय होगी। रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं होने की स्थिति में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा विभिन्न प्राधिकारी के खाता अजेंडर कदम उठाए जाने की संभावना जताई जा रही है। अब की अगली कार्रवाई और जांच रिपोर्ट पर टिकी हुई है।

महिला मजदूर को सांप ने डसा, 24 घंटे में दूसरा मामला

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

खेत मालिक की सजगता से बची जान

विदिशा खरीफ सीजन शुरू होते ही ग्रामीण अंचलों में धान की रोपाई का काम पूरे जोर पर चल रहा है। इसके साथ ही खेतों में जहरीले जीवों का खतरा भी बढ़ गया है। ताजा मामला जिले विदिशा गांव का है। यहां रविवार सुबह 10:30 बजे खेत में धान लगा रही 22 वर्षीय महिला मजदूर ज्ञानवती बाई को सांप ने डसा लिया। गनीमत यह रही कि खेत की मेड़ पर बैठे खेत मालिक दीनेंद्र सिंह रघुवंशी ने महिला को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। समय पर इलाज मिलने से महिला की जान बच गई। उसके खतरे से बाहर है। इससे पहले कटनी, उमरिया, डिंडोरी और शहडोल जैसे आदि सभी बहुल्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मजदूर विदिशा आए हुए हैं। वे दिनभर पानी से भरे खेतों में काम करते हैं।

24 घंटे पहले कलरिया में भी हुआ था ऐसा ही प्रयत्न रू खेतों में सर्पदंश का यह पहला मामला नहीं है। एक दिन पहले कलरिया गांव में भी ऐसी ही घटना सामने आई थी। वहां सोयिन रोपनी के खेत में धान लगा रहे मजदूर रामसिंह अहिरवार (निवासी कटनी) को काम के दौरान सांप ने काट लिया था।

सांप के डसने पर यह करें

पीड़ित व्यक्ति को बैठाकर (लगाकर) न होने दें। घाव पर चीरा लगाने, मुंहबंद का कपड़ा बांधने जैसे घरेलू उपाय न करें। इससे गैंगरीन का खतरा बढ़ता है। मरीज को सीधा निकटतम सुविधा पहुंचाएं।

अस्पताल पहुंचना ही एकमात्र इलाज

सांप के डसने के बाद एक घंटा (गोल्डन ऑवर) सबसे महत्वपूर्ण होता है। पीड़ित को तत्काल डॉक्टर के पास लाकर एंटी-स्नेक वेनम इंजेक्शन और उपचार मिल जाए तो जान बचने की 90 प्रतिशत से ज्यादा उम्मीद रहती है।

—डॉ. प्रवीण गुप्ता, जिला अस्पताल, विदिशा

लक्ष्मण सिंह का कांग्रेस हाईकमान पर हमला, भाजपा से मिलीभगत का लगाया आरोप

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

पूर्व सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह ने एक बार फिर कांग्रेस हाईकमान पर तीखा हमला बोला है। रविवार को सिरोंज प्रवास के दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की राय को महत्व नहीं दिया जाता और दिल्ली से टिकट तय कर दिए जाते हैं, जिससे पार्टी लगातार कमजोर होती जा रही है।

लक्ष्मण सिंह ने कांग्रेस और

भाजपा के कुछ नेताओं के बीच मिलीभगत का भी आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली के बंगले सितारा होटलों में राजनीतिक बैठकें होती हैं और इसमें उनके पार्टी लक्ष्मण सौहार्द है। हालांकि, उन्होंने इस दौरान कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया। उन्होंने कहा कि वे लोगों को लामबंद करने के लिए जमीनी स्तर पर काम करते रहेंगे।

रितेश राहुलने पर लक्ष्मण सिंह ने दिग्विजय अभियान उपाध्यक्ष श्रीनिवास के निकाले पर अफसर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने मुख्य बाजार में पैदल रैली निकाली। रैली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संख्या उत्साहजनक रही और मुख्यमार्ग में उनके साथ लोगों का

युवा स्वागतमें गेंदा की रिक्शाई दिए। बाद में उन्होंने पत्र के बाहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश पचौरी सहित कुछ वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं पर उनका स्वागत किया। इसके बावजूद अधिकांश स्थानीय कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की कार्यक्रम से दूरी बनी रही।

उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी और नरसिंह नेतृत्व की कार्यकारिणी आयोगन के बाद लक्ष्मण सिंह को पहले ही कांग्रेस से निष्कासित किया जा चुका है।

41 दिन बाद भी सूखी बेतवा, हलाली डेम से 100 एमसीएफटी पानी मंगाया

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा में चलचलुन के 41 दिन बीत जाने के बावजूद बेतवा नदी की धार अब तक नहीं चली है। जिला भू-अभिलेख के अनुसार 1 जून से 11 जुलाई तक जिले का रिकॉर्ड दर्ज होने के बावजूद विदिशा-लांबी रोड स्थित रेणुई घाट पर बेतवा सूखी पड़ी है।

तापमान प्री-मानसून और लू-न मच से शुरू होने वाली बारिश के बाद नदी में जल प्रवाह शुरू हो जाता है, लेकिन इस वर्ष पर्याप्त बहाव नहीं बन सका।

पानी की कमी को देखते हुए नगर पालिका ने करीब 10 दिन पहले हलाली डेम से 100 एमसीएफटी पानी मंगाया है, ताकि शहर की पेयजल व्यवस्था प्रभावित न हो। शिवपुरी का मानना है कि क्षेत्र में पर्याप्त और लगातार बारिश होने के बाद ही बेतवा में सामान्य जल प्रवाह लौट सकेगा।

नम आंखों से दी इंदर नारायण शर्मा को अंतिम विदाई

गंजबासौदा। के ग्राम गढ़ी निवासी 76 वर्षीय इंदर नारायण शर्मा का परिवार दोपहर विश्राम घाट पर गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। उनकी बड़े पुत्र सुधीर शर्मा ने मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, रिश्तेदार और शुभचिंतक शामिल हुए। सरल, मिलनसार और गुणवान स्वभाव के लिए पहचाने जाने वाले शर्मा के निधन से गांव में शोक की लहर है। लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

आवारा कुत्तों के हमले में राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत, पोस्टमार्टम के बाद होगा अंतिम संस्कार

डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा

विदिशा जिले के गंजबासौदा क्षेत्र के ग्राम बरेल में रविवार शाम करीब 7 बजे आवारा कुत्तों के हमले में एक राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। ग्रामवासियों के अनुसार कुत्तों के झुंड ने अचानक मोर पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने शोर मचाकर कुत्तों को भगाने और मोर को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

घटना के बाद ग्रामीण मोर के शव को लेकर गांव की

पुलिस चौकी पहुंचे और पुलिस के साथ वन विभाग को भी सूचना दी। वन विभाग के आने तक शव को सुरक्षित रखने के लिए चौकी में रखा गया।

वन विभाग के अधिकारी राजेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि कर्मचारियों को मौके पर भेजा गया है। नियमानुसार पहले मोर का पोस्टमार्टम कराया जाएगा, जिसकी मृत्यु के कारणों की पुष्टि हो सके। इसके बाद रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जाएगी। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद राष्ट्रीय पक्षी मोर का पूरे राष्ट्रीय सम्मान के साथ विधिवत अंतिम संस्कार किया जाएगा। घटना के बाद ग्रामीणों ने क्षेत्र में बढ़ते आवारा कुत्तों के खतरे पर भी चिंता जताई है।

विदिशा, 2.71 लाख लाड़ली बहनों के खातों में पहुंचे 40 करोड़ रुपये

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा जिले की 2,71,666 पात्र लाखली बहनों के बैंक खातों में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत जुलाई 2026 की आर्थिक सहायता राशि के रूप में लगभग 40 करोड़ रुपये सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भिंड से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रदेशभर की हितग्राही महिलाओं के खातों में राशि हस्तांतरित की।

जिले में कलेक्टर अतुल कुमार के मार्गदर्शन और जिला कलेक्ट्रेट अधिकारी श्रीमती

निवेदिता लोढ़ा के निर्देशन में अलग-अलग पंचायतों, ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नगरीय निकायों में कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। बड़ी संख्या में लाड़ली बहनों ने कार्यक्रम में शामिल होकर मुख्यमंत्री का संबोधन सुना।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता केवट, राधुसेवा और नगर महिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति राकेश शर्मा ने योजना को महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि इससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल रही है और परिवारों को आर्थिक संबल प्राप्त हो रहा है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती निवेदिता लोढ़ा ने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी विभागीय अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने आवश्यक समन्वय सुनिश्चित की थी। जिलेभर में कलेक्टर सभागार और सुभाषचंद्र कटारवन में संपन्न हुआ।

बैठक में निर्णय | आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक हुई, कलश यात्रा 1 अगस्त

श्रावण मास में 2 से 8 अगस्त तक होगा सात दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं भागवत कथा महोत्सव

विनायक बैंक्वेट हॉल, स्वर्णकार कॉलोनी में आयोजन

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

सप्तदिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं अखंडित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा महोत्सव की तैयारियों को लेकर रविवार को आयोजन समिति के सदस्यों की बैठक हुई।

यह आयोजन श्रीमद्भागवत आयोजन समिति, समस्त नगर एवं शासकीय कर्मचारियों के संयुक्त तत्वावधान में 2 से 8 अगस्त तक स्थानीय विनायक बैंक्वेट हॉल, स्वर्णकार कॉलोनी, विदिशा में आयोजित किया जाएगा। आयोजन

समिति ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 9 बजे से अखंड पार्थिव शिवलिंग निर्माण, पूजन एवं श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद भगवान शिव का अभिषेक, पूजन एवं पार्थिव शिवलिंगों का विसर्जन किया जाएगा। महोत्सव के मुख्यतः एक दिन पूर्व 1 अगस्त को शाम 4 बजे कलश यात्रा भी रखा गया।

मंदिर, अखाड़ा हनुमानगढ़ ट्रस्ट से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंचेगी।

आयोजन को भव्य स्वरूप देने अगली बैठक 24 जून 7 बजे कार्यालय आयोजित की जाएगी। कार्यालय अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण, कथा व्यास पं. जी झाली, संयोजक प्रेम पांडे, प्रस्तुत विश्वकर्मा, शर्मा, मोहनलाल साहू, शर्मा, मनोज व्यास, गीतम सहित बड़ी से धार्मिकरूप उपस्थित रहे। समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में शामिल लाभ लेने की अपील की।

10 साल पहले 500 पौधों से शुरुआत, अब हर साल 5 हजार पौधे मुफ्त बांट रही बेतवा उत्थान समिति

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

किसी ने पौधे नहीं दिए तो इन्होंने शिकायत नहीं की। बल्कि खुद पौधे लगाने शुरू कर दिए। यही सोच आज विदिशा में हरियाली की मिसाल बन चुकी है। बेतवा उत्थान समिति के सदस्यों ने 10 साल पहले एक छोटी-सी पहल की थी। नर्सरी में पौधे आसानी से नहीं मिलते थे। इसलिए तय किया कि अब पौधे खुद तैयार करेंगे।

शुरुआत सिर्फ 500 पौधों से हुई थी। लेकिन आज हर साल करीब 5 हजार पौधे तैयार कर शहर और आसपास के लोगों को पूरी तरह निःशुल्क दिए जा रहे हैं। समिति के सदस्य

केवल पौधे नहीं उगा रहे। बल्कि पर्यावरण संरक्षण की ऐसी संस्कृति विकसित कर रहे हैं, जिसने कस्बा की हरियाली बढ़ाने तैयार करने में जुटे बेतवा उत्थान समिति के सदस्य।

साथी बन जाता है। घरों और होटलों से दूध की खाली पन्नियां इकट्ठी की जाती हैं। अलग-अलग जगहों से पेड़ों के बीज जुटाए जाते हैं। इन्हीं से नई पौध तैयार होती है। लोहारों पर जब हजारों श्रद्धालु बेतवा के बहाने घाट पहुंचते हैं तो समिति वहां स्टॉल लगाकर लोगों को पौधे भेंट करती है। सावन में कोई व्यक्ति चाहे तो यहां से निःशुल्क पौधे ले सकता है।

इस अभियान से जुड़े अतुल शाह, राजकुमार अग्रवाल, जितेंद्र दुबे, डॉ. आलम शुक्ला, रमेश मोदी, संजय प्रधान, राधेश्याम विश्वकर्मा, रघुवीर सोनेर, कार्तिक सैनी सहित कई सदस्य पिछले एक दशक से बिना किसी आर्थिक लाभ के लगातार इस काम में जुटे हैं।

सिकंजा चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने अभियान, चोरी गई पिकअप बरामद की, अपराधियों के खिलाफ बड़ी सफलता

राजगढ़ पुलिस की बड़ी सफलता: अंतरजिला वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार आरोपी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ▶▶ ब्यावरा

जिले में वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली राजगढ़ पुलिस ने एक अंतर्जिला वाहन चोर गिरोह को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरोह के 4 शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर चोरी की गई पिकअप बरामद कर ली है। कोतवाली थाना प्रभारी मधु मकोरिया ने बताया कि फरियादी कन्हैयालाल तंवर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 24-25 जून की रात उनके घर के सामने से पिकअप वाहन एमपी 39 पी 2160 चोरी हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अमित तोलानी के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया।

सीसीटीवी और तकनीकी साक्ष्यों से मिली कामयाबी

पुलिस टीम ने करीब 400 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और साइबर सेल की तकनीकी मदद से आरोपियों तक पहुँची। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी मुजाहिद, अनित, मुल्तान और रामबाबू ने योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम दिया था।

वाहन की पहचान छिपाने के लिए की बेंटिंग-पेंटिंग

आरोपी मुजाहिद ने चोरी की पिकअप को कुरावर स्थित अपनी वर्कशॉप में बेंटिंग-पेंटिंग की दुकान पर ले जाकर पहचान रंग-रूप पूरी तरह बदल दिया था, ताकि वाहन की पहचान न हो सके। पुलिस ने तकनीक विशेषज्ञों के आधार पर इस साजिश को नाकाम कर दिया। गिरफ्तार सभी आरोपी अपराध अपराधी हैं, जिनमें मुजाहिद और अनित पर पहले से ही भोपाल, रायसेन, सीहोर और विदिशा के विभिन्न थानों में चोरी, लूट और मारपीट जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं। गिरोह का एक अन्य सदस्य आकिब अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मधु मकोरिया, उप निरीक्षक राकेश दानसे, जिला साइबर सेल प्रभारी रितेश अग्रवाल सहित पूरी पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही। एसपी ने टीम के कार्यों की प्रशंसा की है।

सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी सफलता

डीआर संवाददाता ▶▶ ब्यावरा

नरसिंहगढ़ पुलिस ने सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एसीबीआई योजना एवं वाहनचोरी करने के मामले में हुई 2.35 लाख की ठगी का खुलासा करते हुए असम के गुवाहाटी से तीन शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक नरसिंहगढ़ निवासी अभिषेक शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात ठगों ने एसबीआई योजना एवं डायनलोड करने का झांसा देकर उनसे 2,35,000 की ठगी की है। मामला दर्ज कर एसपी अमित तोलानी के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया।

कर पकड़े ठग

पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और बैंक खातों की बारीकी से जांच की, जिसके सिरे के तार असम से जुड़े होने की पुष्टि हुई। टीम ने लगभग 5,000 किलोमीटर का सफर तय कर गुवाहाटी में दबिश दी। पुलिस ने तार विकास गुप्ता आरोपी दीपू, उर्फ अनिरुद्ध, निलमुल हक और अनिल मुखर्जी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उन्होंने बताया कि वे ठगी की राशि निकालने बैंक पहुंचे थे।

धोखाधड़ी का तरीका

आरोपी लोगों को बैंकिंग सहायता या एप डाउनलोड करने के नाम पर झांसे में लेते थे और रिमोट एक्सेस लेकर बैंक खातों से पैसे उड़ा देते थे। गिरफ्तार आरोपियों के पास से ठगी की पूरी रकम के अलावा मोबाइल फोन और अन्य तकनीकी साक्ष्य भी जब्त किए गए हैं। एसपी अमित तोलानी ने जनमानस से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के कहने पर कोई एप डाउनलोड न करें और न ही अपना यूजर, पिन या पासवर्ड साझा करें। साइबर अपराध होने पर तुरंत 1930 नंबर पर कॉल करें।

पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में नरसिंहगढ़ थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह चांदल, साइबर सेल प्रभारी रितेश अग्रवाल और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

एलपीजी टैंकर में लगी आग पर पाया गया काबू, हाईवे पर यातायात बहाल

डीआर संवाददाता ▶▶ गुना

गुना जिले के बजरंगढ़ क्षेत्र में नेशनल हाईवे-46 पर रविवार शाम एलपीजी (गैस) से भरे 36.00 के टैंकर में लगी आग पर जायर ब्रिगेड ने सफलतापूर्वक काबू पा लिया। कोन आसपास इमलाल की मदद से आग बुझाई गई, जिसके बाद हाईवे के एक हिस्से पर यातायात फिर से शुरू कर दिया गया। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर एक अतिरिक्त फोम जायर ब्रिगेड भी मौके पर बुलाई है, ताकि दोबारा फोम का छिड़काव कर टैंकर को सुरक्षित तरीके से हटाया जा सके और दोनों ओर का यातायात पूरी तरह बहाल किया जा सके।

पानगवरे के अनुसार, जा गैस से भरा टैंकर रविवार शाम करीब 5 बजे अतिरिक्त स्थित फाउंटेन होटल के सामने पहुंचा ही था कि उसमें अचानक आग लग गई। देखते ही देखते टैंकर आग की लपटों से घिर गया। संभावित बड़े हादसे की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल हाईवे के दोनों ओर का यातायात रोक दिया और आसपास के क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में ले लिया।

घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश पर एसडीएम, पुलिस, प्रशासन और संबंधित विभागों की टीमें मौके पर पहुंचीं। 36.00 की फायर टीम ने फोम फायर ब्रिगेड की सहायता से आग पर नियंत्रण पाया। अधिकारियों के अनुसार स्थिलाहत स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है।

जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि घटना स्थल के आसपास अनावश्यक भीड़ न लगाएं और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें। प्रशासन का कहना है कि सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय पूरे करने के बाद हाईवे पर यातायात पूरी तरह सामान्य कर दिया जाएगा।

न्यूज गैलरी

10 मुकदमे, 9 साल से फरारी, थाने पहुंचा आरोपी

राजगढ़ (पीपल्या-रसोड़ा) बीते 9 सालों से करार स्थायी वारंटी मामला पुत्र रामप्रसाद शांती निवासी गुलखेड़ी ने शनिवार को थाना बोड़ा पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ अलकोड़ी अभिनियम, शास्त्रकीय कार्य में बाधा, मारपीट और बलवा सहित कुल 10 प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

कारगिल विजय दिवस 26 को, परिवारों का सम्मान करेंगे

राजगढ़। पूर्व सैनिक संगठन की बैठक रविवार को अंजनीलाल मंदिर परिसर में आयोजित हुई। बैठक में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस राजगढ़ स्टेडियम में राजकीय सम्मान के साथ मनाने की सापेक्षा तय की गई। कार्यक्रम में जिले के शहीद परिवारों और वीर नारियों का सम्मान किया जाएगा।

लोडिंग वाहन का टायर फटा, पलटने से तीन घायल

राजगढ़। जीरापुर की सब्जी मंडी से सब्जी भरकर राजगढ़ की तरफ आ रहा एक लोडिंग वाहन रविवार सुबह अनियंत्रित होकर पलट गया। टायर फटने से ये हादसा हुआ। वाहन पलटने तीन लोग घायल हुए इनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है जिसे इलाज के लिए शजापुर रेफर किया गया है।

तेज धूप निकली उमस ने किया बेहाल

विदिशा। शनिवार को मौसम साफ रहा। बारिश न होने और तेज धूप के कारण दुई उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। उमस के कारण लोग बेचैन रहे। दोपहर में तीखी धूप के प्रकरण लोग पसीना पसीना होते नजर आए। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो से तीन दिनों तक बारिश नहीं होगी। गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

सारंगपुर में पहली बार होगा मुनि सुधा सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश,

डीआर संवाददाता ▶▶ सारंगपुर

नगर में मंगलवार, 14 जुलाई को आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज का ससंघ पहली बार मंगल प्रवेश होगा। इस ऐतिहासिक धार्मिक अवसर को लेकर दिगंबर जैन समाज ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। समाज अध्यक्ष मनीष जैन ने बताया कि सुबह 8:30 बजे एबी रोड स्थित श्री महावीर कीर्ति स्तंभ पर मुनि श्री की अगवानी की जाएगी। इसके बाद सत्तरहवें श्री महावीर कीर्ति स्तंभ से नया बस स्टैंड, मेन दरवाजा और टैगन मोहल्ला होते हुए श्री महावीर दिगंबर जैन बड़ा मंदिर पहुंचेगा।

यात्रा मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। पंच कल्याणक में बैंड, ढोल-ढोल, धर्मध्वजाएं और भगवान महावीर के जयकारों के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु धार्मिक वेशभूषा में शामिल होंगे। नगर के प्रमुख मार्गों पर स्वागत द्वार, धार्मिक झंडे और बैनर लगाए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, चिकित्सा सहायता और यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है।

मंदिर पहुंचने के बाद मुनि श्री श्रद्धालुओं को धर्म, अहिंसा, संयम और अपरिग्रहवाद पर मंगल प्रवचन देंगे।

टायर फटने से सब्जियों से भरा पिकअप पलटा, दो युवक घायल

डीआर संवाददाता ▶▶ अशोकनगर

राजगढ़ जिले में रविवार सुबह नेशनल हाईवे-52 पर नायक होटल के पास सब्जियों से भरा एक पिकअप वाहन टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में वाहन में सवार दो युवक घायल हो गए, जबकि पिकअप में लदी सब्जियां सड़क पर बिखर गईं। दुर्घटना के कारण कुछ समय तक हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा।

जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन जीरापुर सब्जी मंडी से सब्जियां लेकर राजगढ़ आ रहा था। सुबह करीब 11 बजे नायक होटल के पास अचानक टायर फटने से चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और पिकअप सड़क किनारे पलट गया।

हादसे में मंगतूराम निवासी 30 वर्षीय कमल सिंह तंवर घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल राजगढ़ में भर्ती कराया गया। वहीं पाटन निवासी 18 वर्षीय आदेश को मामूली चोटें आईं। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बाद में पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सड़क पर बिखरी सब्जियां तथा क्षतिग्रस्त वाहन हटाकर यातायात सामान्य कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जगदीश स्वामी मानोरा धाम पदयात्रा 15 को वार्षिक करन जगदीश स्वामी

राजगढ़। पदयात्रा 15 जुलाई को नहीं कजरिया स्थित जय स्तंभ पार्क से शाम 5 बजे रवाना होगी। दीपक तिवारी पिता मंडल द्वारा आयोजित यह पदयात्रा डाक मानोरा में आषाढ़ द्वितीया पर निकलने वाली भगवान श्री जगदीश स्वामी रथयात्रा में शामिल होने के लिए निकाली जा रही है। पदयात्रा प्रदेश की सुख-समृद्धि, अच्छी बारिश और किसानों की खुशहाली की कामना के साथ आयोजित होगी। बैठक में श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील

लूट, चोरी, धोखाधड़ी जैसे 50 से ज्यादा मुकदमे, पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी

डीआर संवाददाता ▶▶ पीपल्या-रसोड़ा

लंबे समय से करार अंतरराज्यीय आरोपी रुचीर (36) निवासी तलिया सांसी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध देश के अलग-अलग राज्यों में लूट, चोरी और धोखाधड़ी के करीब 50 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। एसपी अमित-तुलेश तोलानी ने बताया कि शनिवार को आरोपी के गांव में सक्रिय है। पुलिस को सूचना लगते ही आरोपी भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया।

50 से अधिक मामलों में फरार आरोपी पुलिस के लगे चढ़ा गुलाटाल के बाद उसकी गिरफ्तारी की सूचना संबंधित राज्यों और थानों को भेज दी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी देवेंद्र राजपूत सहित पुलिस टीम ने गिरफ्तारी के लिए सराहना किया।

क्षतिग्रस्त कार में बेसुध मिला चालक, पुलिस पूछताछ के बाद किया

डीआर संवाददाता ▶▶ खिलचीपुर

रविवार को राजगढ़ बायपास पर एक क्षतिग्रस्त कार में चालक बेसुध अवस्था में मिला। कार के पीछे शीशा नहीं मिला था और पहिया पंचर था। कुछ देर बाद चालक को होश आया और वह कार को धीरे-धीरे होटल तक ले गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक से पूछताछ की। चालक ने बताया कि उसकी कार को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। मध्यप्रदेशियों के अनुसार चालक गोपी जैसी हालत में दिखाई दे रहा था, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई। पुलिस ने सहायता की पेशकश की, लेकिन चालक ने मना कर दिया। उसने कोई शिकायत भी दर्ज नहीं कराई और पूछताछ के बाद वाहन कार लेकर जीरापुर की ओर रवाना हो गया।

हनुमान टेकरी ट्रस्ट पर श्रद्धालु ने लगाए गंभीर आरोप

डीआर संवाददाता ▶▶ गुना

गुना जिले के प्रसिद्ध हनुमान टेकरी मंदिर ट्रस्ट को लेकर एक बार फिर विवाद सामने आया है। शहर निवासी प्रदीप सिंह धाकड़ ने खुला पत्र जारी कर ट्रस्ट की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने दान राशि के हिसाब-किताब, ट्रस्ट की बैठकों और रिक्त पदों संबंधित को लेकर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। धाकड़ ने अपने पत्र में दावा किया कि 10 जुलाई को आयोजित ट्रस्ट की बैठक में बाहर से अधिक लोग

आयोजित ट्रस्टी नहीं थे, फिर भी उन्हें ट्रस्टी बताकर बैठक बुलाई गई। उन्होंने दान राशि की गिनती को लेकर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यदि जब ट्रस्ट राजनैतिक रूप से दान की गणना करने का निर्णय ले रहा है, तो पहले बंद कमरे में राशि की गिनती क्यों की जाती थी। उनके अनुसार इससे विभिन्न अनियमितताओं और गबन की आशंका पैदा होती है।

उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रस्ट ने कई स्टांप रजिस्टर बनवाए, लेकिन इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को नहीं दी गई। साथ ही ट्रस्ट अध्यक्ष नारायण अग्रवाल पर ट्रस्ट पर एकाधिकार करने का आरोप भी लगाया। धाकड़ ने यह भी दावा किया कि 7 लाख रुपये की लागत से लगाए जाने वाले एयर कूलर मंदिर का भुगतान हो चुका है, लेकिन इसका कोई रसीद विवरण उपलब्ध नहीं है। हालांकि, ये सभी आरोप प्रदीप सिंह धाकड़ द्वारा लगाए गए हैं। रामधाम लिखे जाने तक ट्रस्ट की ओर से इन आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

निरीक्षण काम में लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए

मंत्री टेटवाल ने नगर भ्रमण व्यवस्थाओं का लिया जायजा

डीआर संवाददाता ▶▶ सारंगपुर

मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री डॉ. नीतम टेटवाल ने शनिवार को सारंगपुर नगर का भ्रमण कर विभिन्न सार्वजनिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने नगर की साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, नागरिक सुविधाओं एवं विकास कार्यों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को स्वच्छता व्यवस्था में निरंतर सुधार, पेयजल कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं में बरतने के निर्देश दिए। साथ ही नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने और पेयजल सहित अन्य आवश्यक सेवाओं के बेहतर संचालन पर विशेष ध्यान देने को कहा। नगर भ्रमण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष फरहान फारूकी, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्कर, एसडीएम रोहित बघेले, एसडीओपी अर्चना सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक रघुवंशी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, राजस्व पदाधिकारी एवं कार्यपालिका एजेंसियां के मंत्री डॉ. टेटवाल ने सभी अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए नगर की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़, व्यवस्थित एवं जनहितकारी बनाने का आह्वान किया।

निर्माणाधीन पानी की टंकी गिरने से गौशाला चौकीदार की मौत

डीआर संवाददाता ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर जिले के नवोदयी गांव में निर्माणाधीन गौशाला की पानी की टंकी का हिस्सा गिरने से 40 वर्षीय चौकीदार कमल सिंह अहिरवार (गणू, अहिरवार) की मौत हो गई।

गंभीर रूप से घायल कमल सिंह को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, गौशाला में पानी की टंकी के नीचे लोदी का निर्माण कार्य चल रहा था।

इसी दौरान टंकी की दीवार अचानक ढह गई और कमल सिंह मलबे की चपेट में आ गए। सरपंच प्रतिनिधि ने दीवार पूरी तरह नहीं सूखने की बात कही है। वहीं, मृतक के परिजनों ने घटना पर संदेह जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

उनका आरोप है कि सरपंच प्रतिनिधि ही कमल सिंह को काम के लिए घर से बुलाकर ले गए थे। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।